






नवभारत 11
इंदौर, सोमवार, 03 नवंबर, 2025


## एक नजर में

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर सात बी एल ओ निलंबित

**नीमच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। उक्त कार्य हेतु बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नीमच विधानसभा 229 के प्रशिक्षण कार्य में 7 बीएलओ श्रीमती प्रिया सैमुअल शिक्षक, श्रीमती मंगला शर्मा शिक्षक, श्री ओमप्रकाश जोशी सहायक ग्रेड- 3, श्रीमती नजमा शेख शिक्षक, सुश्री अर्चना सैनी सहायक ग्रेड-3, श्रीमती विमला थोरेचा शिक्षक एवं श्रीमती दिव्यानी प्रजापत शिक्षक को प्रशिक्षण कार्य में सम्मिलित नहीं होने तथा लगातार दूरभाष पर संपर्क करने के पश्चात भी निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नीमच के प्रतिवेदन पर जिला निर्वाचन अधिकारी नीमच द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर इनका मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय नीमच नियत किया गया है। यह जानकारी एसडीएम नीमच श्री संजीव साहू द्वारा दी गई है।

### रोटरी डायमंड का दीपावली मिलन समारोह



**नीमच।** रोटरी क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा दीपावली मिलन समारोह सुंदरम हॉल में हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच संपन्न हुआ . कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए समाज सेवा के नए संकल्प लिए। क्लब अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि दीपावली का पर्व हमें समाज में प्रकाश और सकारात्मकता फैलाने की प्रेरणा देता है। रोटरी डायमंड हमेशा जरूरतमंदों की सहायता और जनहित के कार्यों के लिए तत्पर रहा है और आगे भी इस दिशा में कार्य निरंतर जारी रहेंगे। क्लब सचिव आशीष सैनी ने आगामी सेवा प्रकल्पों की जानकारी साझा की एवं अधिक से अधिक सहभागिता का अनुरोध किया। वहीं कोषाध्यक्ष भुवनेश शर्मा ने क्लब की गतिविधियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सदस्यों व बच्चो ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मनोरंजक खेलों एवं आपसी मिलन ने उत्साह को और बढ़ाया। इस मिलन समारोह में क्लब के पूर्व अध्यक्ष हेमन्त भण्डारी, कमल मंगल, दीपक मूंदड़ा, आशीष गर्ग (बामनबर्डी), कमल आंजना, दीपक ऐरन, गौरव पाराशर,पवन खंडेलवाल, गोपाल शर्मा, दिलीप जोशी ,प्रवीण गोदावत, कृष्णा शर्मा, हर्ष शर्मा, समर्पण खींचा, सुदीप भामावत, सुमित मित्तल, रविंद्र अर्जनानी, संजय सोनी, आशीष गर्ग (गगन), धीरज गांधी, सिद्धार्थ जैन, गौरव पोरवाल ,सोहित पोरवाल, अजीत जैन, गौरव शर्मा, मनोज अग्रवाल सहित क्लब के अन्य कई सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे।

### महिंद्रा थार से 86 लीटर अवैध शराब जब्त, भीलवाड़ा का तस्कर गिरफ्तार

**सिंगोली।** पुलिस की सतर्कता और चुस्ती ने एक बार फिर शराब माफियाओं के इरादों को ध्वस्त कर दिया! वैवाहिक सीजन में जहां एक ओर बाजारों में रौनक बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर शराब तस्कर भी अपने गोरखधंधे को अंजाम देने में जुटे थे। लेकिन सिंगोली पुलिस की तेज़ नजरों ने इस बार एक शातिर शराब तस्कर को रंगे हाथों धर दबोचा। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया तथा एसडीओपी जावद रोहित राठौर के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थों एवं नशीली वस्तुओं की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक भुरालाल भाबर के नेतृत्व में सिंगोली पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राजस्थान से महिंद्रा थार (क्रमांक आरजे 08 यूए 4633) में भारी मात्रा में शराब भरकर मध्यप्रदेश की ओर लाई जा रही है। इस पर पुलिस ने माला देवी मंदिर के पास नाकाबंदी की और संदिग्ध वाहन को रोका।

### संवाद योजना अंतर्गत जिला नीमच में चयनित नवांकुर संस्थाओं की बैठक संपन्न




**नीमच।** संवाद योजनांतर्गत चयनित नवांकुर संस्थाओं की बैठक जिला पंचायत सभागार नीमच में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। डॉ बकुल लाड कार्यपालक निदेशक म .प्र . जन अभियान परिषद द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। जिला समन्वयक वीरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा विभागीय योजनाओं की कार्य प्रगति प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्रस्तुत की एव किये गए नवाचार को बताया। कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा नवांकुर योजना की विस्तेत जानकारी दी, संस्थाओं की कार्ययोजना, संचालित की जाने वाली गतिविधियां – जैविक कृषि, स्वा?स्थ शिविर, नवांकुर सखियों द्वारा लगाये गये पौधों के संरक्षण की स्थिति, स्वोरोजगार प्रशिक्षण, गौशाला, प्रस्फुटन वाटिका, सी एम सी एल डी पी अंतर्गत बी एस डब्लयू, एम एस डब्ल्यू पाठ्यक्रम अंतर्गत आयोजित कक्षाओं के निरीक्षण कर मेंटर्स एव स्टूडेंट्स से संवाद कर पाठ्यक्रम के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किये। संस्था अपने चयनित क्षेत्रों में नवाचार करे समाज व शासन के मध्यव समन्वय स्थापित कर योजनानुरूप कार्य करे। कार्य प्रगति हेतु नवांकुर संस्थाओं से सुझाव प्राप्त किये गये। बैठक में जिला समन्वयक वीरेंद्र सिंह ठाकुर, विकास खण्ड समन्वयक महेंद्र पाल सिंह भाटी, अर्चना भट्ट, लेखपाल पवन कुमरावत, डेटा एंट्री ऑपरेटर ताराचंद पाइवाल, सहित सभी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आभार महेंद्र पाल सिंह भाटी ने किया।

### राज्यस्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता हेतु श्री सांई पब्लिक स्कूल के 7 खिलाड़ियों का चयन



**मन्दसौर।** शिवपुरी में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हैंडबॉल 19 बालक/बालिका शिवपुरी के लिये श्री साँई पब्लिक स्कूल, दलौदा के 7 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में गौरव पिता राजेंद्र जोशी, मोहम्मद फैजान पिता सिद्दीक खान, मोहम्मद जैद पिता अजीम हुसैन, धारना पिता हरिश्चंद्र धनगर, मीनाक्षी पिता राजाराम धनगर, नंदिता पिता विनोद धाकड़, पूनम पिता ओमप्रकाश मीणा का नाम शामिल है। हैंडबॉल कोच जयेश माली ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भविष्य में भी राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

# बारिश से अफीम किसानों की चिंता बढ़ी, खेतों में पानी भरने से खराब हुए बीज

**नीमच। जिले में पिछले कुछ दिनों से हुई लगातार बारिश ने अफीम किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम में आए अचानक बदलाव ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। जिन खेतों में अफीम की बुवाई पूरी हो चुकी थी, वहां अब बारिश का पानी भर गया है। इससे बीज सड़ गए हैं और किसान अब खेत दोबारा तैयार करने की सोच रहे हैं।**

**बीज सड़ने से नुकसान, फिर से करनी होगी बुवाई**–इस साल पॉलिसी जल्दी आने से नारकोटिक्स विभाग ने अफीम लाइसेंस का काम समय से पहले पूरा कर लिया था। आमतौर पर यह प्रक्रिया नवंबर महीने में होती है, लेकिन इस बार अक्टूबर में ही किसानों को लाइसेंस मिलने से उन्होंने बुवाई शुरू कर दी थी। लेकिन अचानक हुई बे-मौसम बरसात ने पूरी योजना बिगाड़ दी। अब खेतों में पानी भरने और बीज सड़ने से किसानों को फिर से बुवाई करनी पड़ रही है।

**किसान बदलवा रहे हैं खेतों के खसरा नंबर**–बारिश से खेतों के खराब होने के बाद किसान अब नारकोटिक्स विभाग में खसरा नंबर बदलवाने के लिए आवेदन कर रहे हैं। जिनके पास दूसरा खेत है, वे नई जमीन में बुवाई की तैयारी कर रहे हैं। वहीं जिनके पास अतिरिक्त खेत नहीं हैं, वे मोटर लगाकर खेतों से पानी निकालने में जुटे हैं ताकि दोबारा बुवाई हो सके।

**अफीम मुखिया बोले – किसान 10 दिन पीछे चले गए**–नीमच निवासी अफीम किसान राजेश मेघवाल ने बताया कि बारिश के कारण किसान करीब 10 दिन पीछे हो गए हैं। खेतों में पानी भर जाने के बाद उन्हें दोबारा खेत तैयार करने में 10 दिन लगेंगे। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग ने फिर से बारिश का अलर्ट दिया है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। अगर मौसम जल्द नहीं सुधरा तो बुवाई का समय निकल जाएगा और उत्पादन पर असर पड़ेगा।



### पुराने बीज से हो रही नई बुवाई की तैयारी

किसान बताते हैं कि वे पिछले साल की फसल से कुछ बीज संभालकर रखते हैं। इस बार बारिश से नुकसान के कारण उन्हें फिर से पुराने बीजों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। नीमच और चित्तौड़गढ़ में बीज आसानी से मिल रहे हैं, जबकि खाद और दवाइयां मंदसौर व पिपलिया मंडी से खरीदी जा रही हैं। कई कृषि विशेषज्ञ भी खेतों का निरीक्षण कर किसानों को सलाह दे रहे हैं।

**दिसंबर में शुरू होगा नपती का काम**–अगर आने वाले दिनों में बारिश नहीं हुई, तो दिसंबर में अफीम के खेतों की नपती (जमीन नापने की प्रक्रिया) शुरू होगी। इससे खेती की प्रगति का आकलन किया जाता है। फिलहाल किसान आसमान साफ होने और खेत सूखने का इंतजार कर रहे हैं।

**ठंड बढ़ने की चेतावनी से बढ़ी चिंता**–मौसम विभाग ने इस बार ठंड ज्यादा पड़ने की संभावना जताई है। ज्यादा ठंड में अफीम के पौधे कमजोर पड़ जाते हैं, जिससे पैदावार पर असर पड़ सकता है। इसलिए किसान अब मौसम के हर बदलाव पर नजर रखे हुए हैं।

**अगर मौसम सुधरा तो फसल संभल सकती है**–किसानों का कहना है कि अगर अब बारिश नहीं हुई और धूप बनी रही, तो दिसंबर तक खेत फिर से हरे नजर आने लगेंगे। मौसम सामान्य रहा तो अफीम की फसल धीरे-धीरे संभल जाएगी और किसान नुकसान की भरपाई करने में सफल हो सकेंगे।

### साल भर की मेहनत अब मौसम के भरोसे

अफीम की खेती किसानों के लिए आमदनी का बड़ा जरिया है, लेकिन इस बार की बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खेतों में पानी भर जाने से पूरी मेहनत व्यर्थ चली गई। अब किसान फिर से खेत तैयार कर रहे हैं, पर उन्हें डर है कि अगर दोबारा बारिश हुई तो सारा प्रयास फिर बेकार हो जाएगा।



## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए ऐरा विद्यालय के छात्रों का चयन

**ऐरा /नाहरगढ।** एकीकृत शाला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एरा के छात्रों का चयन 69 वी शालेय सॉफ्टबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता टीकमगढ़ उज्जैन संभाग में हुआ। जिसमें इस प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर बालक 19 वर्ष में विद्यालय के छात्र सुरेंद्र सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक एवं 17 वर्ष में मधुसूदन धाकड़ ने कांस्य पदक जीता दोनों छात्रों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं इन छात्रों का मार्गदर्शन विद्यालय के शिक्षक ओम प्रकाश सूर्यवंशी ने किया। संस्था के प्राचार्य जितेंद्र भिरमा ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐ देते हुए यह जानकारी दी।

## विद्युत विभाग में नई भर्ती में संविदा व आउटसोर्स कर्मियों को 50% आरक्षण की मांग

- कैशलैस मेडिक्लेम पॉलिसी ऑफलाइन भरवाने के प्रयास हों – विद्युत कर्मचारी संघ



**मंदसौर।** म.प्र. विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन की प्रांतीय बैठक रतलाम में प्रांतीय अध्यक्ष बी.डी. गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रांतीय महामंत्री डी.एस. चंद्रावत ने संगठन की कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए कहा कि आगामी भर्ती में संविदा और आउटसोर्स कर्मियों को अनुभव के आधार पर 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए तथा अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जाए।

बैठक में कैशलैस मेडिक्लेम योजना को सभी कर्मचारी और पेंशनर्स के लिए पूर्ण रूप से लागू करने एवं पेंशनर्स से सहमति पत्र विभागीय स्तर पर ऑफलाइन भरवाने की मांग की गई। साथ ही नियमित व पेंशनर्स को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता और राहत शीघ्र देने, वेतन विसंगतियों के निराकरण, फ्रिंज बेनिफिट संशोधन और अनुकंपा नियुक्तियों के प्रकरणों का निराकरण करने की भी मांग की गई।

बैठक को प्रांतीय पदाधिकारियों अरविंद सोनी, आर.आर. पाराशर, मकसूद पठान, कमलेश श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह चौहान, गजेंद्र गीते, अरुण राठौर, संजय वोहरा आदि ने संबोधित किया।

अवसर पर सेवानिवृत्त संजय वोहरा का संघ की ओर से शॉल-श्रीफल व अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया गया।

## अब कम होगा तापमान, न्यूनतम टेंपरेचर 5 डिग्री तक गिरेगा, हवाओं से बढ़ेगा सर्दी का असर



**नीमच।** जिले में पिछले 1 सपताह से मौसम लगातार बदल रहा है। कभी आसमान में धूप खिल जाती है तो कुछ देर बाद बादल छा जाते हैं। रविवार सुबह से ही धूप और छांव की लुकाछिपी देखने को मिल रही है। हालांकि धूप निकलने के बावजूद भी ठंडक का असर बना हुआ है और हल्की-हल्की हवाएं मौसम को सुहावना बना रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार, जिले में 5 नवंबर तक मौसम बार-बार बदलता रहेगा। कभी आसमान में बादल छा जाएंगे तो कभी तेज धूप निकल आएगी। यानी फिलहाल मौसम का मूड समझना मुश्किल है।

**तापमान में बढ़ोतरी, ठंड में भी गर्मी का अहसास**– मौसम ठंडा होने के बावजूद तापमान बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटे में नीमच का अधिकतम तापमान करीब 1.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 1 डिग्री बढ़ा है। वहीं, पिछले 48 घंटे में अधिकतम तापमान में करीब 6 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 1.6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इससे दिन के समय हल्की गर्माहट महसूस हो रही है। शनिवार का अधिकतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

**5 नवंबर से रहेगा साफ और शुष्क मौसम**–मौसम विभाग ने बताया कि 5 नवंबर से जिले का मौसम एकदम साफ रहेगा। अगले एक हफ्ते तक बारिश या बादलों की कोई संभावना नहीं है। दिन में हल्की धूप और रात में ठंडक बनी रहेगी।

विभाग का अनुमान है कि 5 नवंबर के बाद न्यूनतम तापमान में 2 से 5 डिग्री तक गिरावट आ सकती है। इससे ठंड का असर बढ़ जाएगा। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस बार सर्दी पिछले सालों की तुलना में ज्यादा कड़ाके की पड़ सकती है। मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए लोग अब सर्दी की तैयारियां करने लगे हैं। बाजारों में गर्म कपड़ों की खरीदारी धीरे-धीरे बढ़ रही है और सुबह-शाम लोग अब स्वेटर या जैकेट पहनकर ही घरों से निकल रहे हैं।




## काम वाली बहनों के लिए आयोजित किया ''साड़ी से स्वाभिमान'' कार्यक्रम

- बहनों ने मुस्कराहट बिखेरते हुए किया रैंप वॉक

**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक द्वारा ''साड़ी से स्वाभिमान तक'' आयोजित किया। जिसमें उन बहनों को मंच दिया जो हर दिन घर-घर में काम करने जाती है और दूसरे के घर को संभालती है दिल में अपनापन और आंखों में स्वाभिमान रखती है। इन बहनों से रैंप वॉक करवाया व उनके संग खुशियां बांटी।

क्लब अध्यक्ष उषा चौधरी ने बताया कि यह कार्यक्रम उन बहनों को समर्पित है जो अपने परिवार को संभालने के लिये आजीविका हेतु कार्य करती है तथा स्वयं के लिये समय नहीं निकाल पाती। सब बहने रैंप पर सिर ऊंचा कर साड़ी में सजी हुई और चेहरे पर मुस्कुराते हुए चली। इस दौरान क्लब ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आनी वाली बहनो को उपहार भी दिये। तथा सभी महिलाओं को साड़ियां प्रदान की गई। सीमा सेठिया का विशेष सहयोग रहा और सभी को स्वल्पाहार करवाया। इस अवसर पर लॉयन अध्यक्ष उषा चौधरी, सचिव सीमा धनोतिया, शी शक्ति चेयरपर्सन पुष्पा चेलावत, कोषाध्यक्ष नीता सोलंकी, उपाध्यक्ष सुमित्रा चौधरी, शी शक्ति चित्रा मंडलोई, चंद्रकांता पौराणिक, शालिनी जैन, नीलम जेसवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

**एक नजर** — गायत्री प्रज्ञापीठ भोलियावास परिसर में स्वच्छता अभियान

# सफाई मित्रों ने किया 2 घंटे श्रमदान, संस्था ने किया योद्धाओं का सम्मान

**नीमच। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर शहर की स्वच्छता विकास अभियान संस्था का साप्ताहिक श्रमदान अभियान भोलियावास स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ परिसर में दिनांक 1 नवंबर 2025 शनिवार को प्रात: 8:00 बजे से 2 घंटे चलाया गया।**

स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता योद्धाओं का संस्था के अध्यक्ष इंजीनियर बाबूलाल गौड़ और संस्था के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया श्री गौड़ द्वारा जानकारी दी गई थी अभी तक हम 800 से अधिक दिन पूरे नीमच क्षेत्र में काम कर चुके हैं ,प्रधानमंत्री द्वारा 2 अक्टूबर 2014 से चलाए गए अभियान को नीमच की एकमात्र संस्था स्वच्छता विकास अभियान संस्था, शहर की विभिन्न संस्थाओं के साथ कार्य करते हुए, स्वच्छ नीमच स्वच्छ भारत अभियान को चला रही है

उक्त संबंध में जानकारी देते हुए स्वच्छता एवं पर्यावरण मित्र जगदीश शर्मा ने बताया कि संस्था का यह श्रमदान अभियान प्रज्ञा पीठ के गुरूजी प्रभुलाल धाकड़ के मुख्य आतिथ्य एवं स्वच्छता विकास अभियान संस्था के अध्यक्ष बाबूलाल गौड़ के मार्गदर्शन में चलाया गया जिसमें संस्था सदस्यों ने पूरे परिसर एवं परिसर में बनी वाटिका की साफ-सफाई की गई। इस अभियान में एक ट्राली से भी अधिक कूड़ा-कचरा आदि निकालने से पूरे परिसर सहित वाटिका की सुन्दरता में निखार आ गया। ज्ञातव्य है कि भोलियावास में स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ वही पावन स्थल है जहां जुलाई 1971के प्रथम सप्ताह में अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक तपोनिष्ट गुरुदेव आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा का आगमन हुआ था। स्वच्छता विकास अभियान संस्था के द्वारा चलाए जा रहे नियमित साप्ताहिक श्रमदान अभियान के माध्यम से शहर के अनेक धार्मिक स्थलों वाटिकाओ मेंस्वच्छता मित्रों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर शहरवासियों को अपने घर दुकान एवं उसके आसपास अपने व्यवसायिक संस्थाओं गली मौहल्लों एवं सार्वजनिक धार्मिक स्थलों वाटिकाओं की साफ-सफाई रखने हेतु स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है जो शहरवासियों के लिए प्रेरणादायक है ।



संस्था द्वारा आयोजित इस अभियान के अंत में गायत्री प्रज्ञा पीठ की सेवा में वर्षों से निरंतर निस्वार्थ भावना से सेवा देने वाले गुरुजी प्रभु लाल धाकड़ का स्वच्छता मित्रों ने दुपट्टा पहन कर स्वागत अभिनंदन कर उन्हें सम्मानित किया गया। गायत्री प्रज्ञापीठ की और से स्वच्छता के प्रति समर्पित भावना से निरंतर सेवा देने वाले स्वच्छता मित्र राजकुमार सिन्हा, किशोर कुमार कर्णिक, जगदीश शर्मा, हरीश उपाध्याय, सुकुमार आगार,श्याम सुंदर पंडित को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया ।संस्था द्वारा आयोजित इस अभियान में गायत्री परिवार के नानूराम धाकड़, प्रभु लाल नागदा, अशोक धाकड़, ओम प्रकाश शर्मा (जावद) स्वच्छता विकास अभियान संस्था के सुकुमार आगार, अशोक जैन, पंडित कमल शर्मा, रंजन स्वामी, रामनिवास कदवा, केशव सिंह चौहान, कैलाश अग्रवाल सत्यनारायण अग्रवाल आदि ने सहभागिता निभाई ।